विश्वविद्यालय नियमानुसार महाविद्यालय और विश्वविद्यालय छात्र संघ के चुनावों के बाद ही प्रवास (माइग्रेशन) की अनुमति दी जाएगी। प्रवास हेतु आवेदनों पर योग्यतानुसार विचार किया जाएगा और यह संबंधित पाठ्यक्रम में वर्तमान छात्र-संख्या के अधिकतम 5% तक सीमित होगा।

जिन पूर्व-छात्रों ने अपनी I और/अथवा II वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली होगी उन्हें अपने परीक्षा-परिणाम घोषित होने के बाद एक माह के भीतर अगली कक्षा में नामांकन ले लेना चाहिए। इसमें असफल होने पर वे अपना नामांकन का अधिकार खो देंगे। ऐसे छात्रों का नामांकन महाविद्यालय और/अथवा विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार होगा।

जो पूर्व-छात्र विश्वविद्यालय की परीक्षा में बैठना चाहें उन्हें अपना विश्वविद्यालय परीक्षा फार्म यथाशीघ्र जमा करना होगा। महाविद्यालय अन्तिम तिथि के बाद ऐसे फार्मों को अग्रसारित नहीं करेगा।

उपस्थिति

विद्यार्थी को विश्वविद्यालय नियमों के अनुरूप कक्षाएँ करनी होंगी। स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों पर विश्वविद्यालय के अध्यादेश VII (2) में वर्णित प्रावधान लागू होंगे। उपस्थिति में कमी होने की दशा में विश्वविद्यालय के नियम सख्ती से लागू किए जाएँगे। बीमार होने वाले विद्यार्थियों को दो-तीन दिनों के भीतर मेडिकल लीव के लिए आवेदन कर देना चाहिए। छुट्टी हेतु आवेदन के साथ एक मेडिकल प्रमाण पत्र संलग्न होना चाहिए और अध्ययन के पुनर्रारंभ के लिए एक फिटनेस प्रमाणपत्र आवश्यक होगा। प्रत्येक सेमेस्टर के अंत में उपस्थिति की गणना की जाएगी। जिन विद्यार्थियों की उपस्थिति कम होगी उन्हें विश्वविद्यालय परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। विद्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे प्रत्येक सेमेस्टर के अंत में संबंधित शिक्षक से अपनी उपस्थिति का पता कर लें।

आंतरिक मूल्यांकन

आंतरिक मूल्यांकन को अनिवार्य बना दिया गया है और यह विश्वविद्यालय परीक्षा-व्यवस्था का अभिन्न भाग है। प्रत्येक पाठ्यक्रम में कुल अंकों का अधिकतम 25% अंक सतत आधार पर आंतरिक मूल्यांकन के लिए निर्धारित होगा। दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत अंकपत्र में आंतरिक मूल्यांकन के अंक अलग से दिखाए जाएँगे। ये अंक विद्यार्थियों के श्रेणी-निर्धारण हेतु सत्र-परीक्षा के अंकों में जोड़े जाएँगे।

आंतरिक मूल्यांकन के अंक प्रदान करने के आधार

(a) 10% अंकभार महाविद्यालय में ली गई जाँच परीक्षा के होंगे।

(b) 10% अंकभार लिखित एसाइन्मेंट और प्रोजेक्ट रिपोर्ट/टर्म, पेपर/संगोष्ठी के होंगे।

(c) 5% अंकभार लेक्चर और ट्यूटोरियल कक्षाओं में उपस्थिति की नियमितता के लिये दिये जाएँगे। प्रत्येक प्रश्न पत्र में उपस्थिति पर आधारित नियमितता हेतु प्रदत्त अंक निम्नानुसार होंगे:

क्र. सं.		5 में से पदत्त अंक
1.	67% से अधिक, लेकिन 70% से कम	1
2.	70% या अधिक, लेकिन 75% से कम	2
3.	75% या अधिक, लेकिन 80% से कम	3
4.	80% या अधिक, लेकिन 85% से कम	4
5.	85% या उससे अधिक	5

शुल्क और अन्य देय

1. प्रवेश के समय विद्यार्थी को अपने शुल्क और वार्षिक देयों का शुल्क सारणी के अनुसार भुगतान करना होगा।
2. शुल्क नकदी में महाविद्यालय परिसर में स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के एक्सटेंशन काउंटर पर जमा करना होगा। चेक से शुल्क का भुगतान स्वीकार्य नहीं है। एक बार शुल्क का भुगतान कर देने पर उसकी वापसी विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार होगी।
3. सुरक्षा राशि, जो कि वापसी योग्य है, की वापसी का दावा विद्यार्थी द्वारा महाविद्यालय छोड़े जाने के तीन वर्षों के भीतर करना होगा, अन्यथा सुरक्षा राशि महाविद्यालय के अधीन चली जाएगी।
4. जब तक नाम कट न जाए, विद्यार्थी महाविद्यालय शुल्कों और दंडों का भुगतान (यदि कोई हो) करने के लिए बाध्य है। वे विद्यार्थी जो अगली उच्च कक्षा में अग्रसारित हो चुके हैं और अपना अध्ययन जारी नहीं रखना चाहते हैं, उन्हें महाविद्यालय कार्यालय को पहले से ही लिखित सूचना दे देनी चाहिए।
5. छुट्टी या बिना छुट्टी के महाविद्यालय से अनुपस्थिति को फीस के अभुगतान के कारण रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। वे विद्यार्थी जिन्हें महाविद्यालय से अनुपस्थित रहना हो, उन्हें यह सलाह दी जाती है कि वे निर्धारित तिथि से पहले अपने शुल्क का भुगतान सुनिश्चित कर लें।
6. उन विद्यार्थियों के नाम, जो अधिसूचित अंतिम तिथि तक अपना शुल्क जमा नहीं करेंगे, महाविद्यालय पंजिका से काट दिया जाएगा, लेकिन वे 50/- रुपये के पुनर्नामांकन शुल्क का भुगतान करने पर प्राचार्य द्वारा पुनर्नामांकन हेतु विचार किए जाएँगे। यदि कोई विद्यार्थी निर्धारित तिथि तक शुल्क जमा नहीं कर पाता और यदि शुल्क-भुगतान नहीं होने के कारण उसका नाम कट जाता है तो उसे उस तिथि तक के शुल्क का भुगतान करना होगा जिस तिथि से वह नामांकन चाहता/चाहती है या जिस तिथि से वह अपने अध्ययन को बंद करना चाहता/चाहती है। ऐसे विद्यार्थी को महाविद्यालय कार्यालय में उपलब्ध निर्धारित प्रपत्र में लिखित रूप से महाविद्यालय कार्यालय को सूचित करना होगा।

शुल्क विवरण (वर्ष 2017-18 के दौरान)

नियमित विद्यार्थी

क्र.सं.	देय राशि (महाविद्यालय)	प्रथम वर्ष
1.	शिक्षण शुल्क (मई से अप्रैल)	180
2.	प्रवेश शुल्क	20
3.	पुस्तकालय प्रतिभूति (रिफनडेबुल)	500
4.	परिचय पत्र	50
5.	पुस्तकालय एवं अध्ययन कक्ष	300
6.	महाविद्यालय पत्रिका	100
7.	छात्र उपादान कोष	60
8.	विद्युत एवं जल शुल्क	200
9.	विकास कोष	2000
10.	खेल-कूद कोष	750
11.	संगोष्ठी	250
12.	समितियाँ	210
13.	कॉमन रूम	100
14.	छात्र संघ (महाविद्यालय)	300
15.	सोशल गेदरिंग और मीटिंग	500
16.	मेडिकल एवं हाइजिन कोष	150
17.	उद्यान कोष	100
18.	एन.सी.सी.	150
19.	सामान्य सुविधाएँ	500
20.	विद्युत मरम्मत और रख-रखाव	200
21.	फाइन आर्टस और सांस्कृतिक गतिविधियाँ	150
22.	सुरक्षा-व्यवस्था शुल्क	800
23.	कम्प्यूटर रख-रखाव शुल्क	800
24.	आंतरिक परीक्षा/एसाइन्मेंट मेटेरियल	70
	विश्वविद्यालय शुल्क	
25.	प्लेसमेंट एंड करियर काउंसेलिंग शुल्क	100
26.	गुणवत्ता	100
27.	दक्षता विकास शुल्क	50
28.	छायाचित्र और फिल्म निर्माण	50
29.	वाद-विवाद और बौद्धिक क्रियाकलाप शुल्क	40
30.	महाविद्यालय पत्रिका शुल्क	10
31.	निबंधन शुल्क	200

32.	ऐथलेटिक एसोशिएसन	50
33.	विश्वविद्यालय छात्र-संघ	20
34.	डब्ल्यू.यू.एस.	5
35.	विश्वविद्यालय विकास कोष	600
36.	सांस्कृतिक परिषद्	5
37.	एन.एस.एस.	20
38.	लैंगिक शोषण कोष	10
	कुल	**9700.00**

सुविधाएँ एवं विशिष्टताएँ

पुस्तकालय

महाविद्यालय पुस्तकालय में कला, वाणिज्य, कम्प्यूटर, मानविकी आदि से संबद्ध लगभग सभी विषयों की लगभग 50,000 पुस्तकों का उत्तम संग्रह है और यहाँ 22 पत्र-पत्रिकाएँ भी खरीदी जाती हैं। पुस्तकालय में नियमित रूप से हिन्दी और अंग्रेजी की पत्र-पत्रिकाओं तथा समाचारपत्रों की खरीद होती है। पुस्तकालय में प्रतिष्ठा पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों के लिए एक खुला शेल्फ-सिस्टम है। पुस्तकालय कम्प्यूटरीकृत एवं वातानुकूलित है। प्रतिष्ठा पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों को 4 कार्ड तथा बी. कॉम एवं बी. ए. प्रोग्राम के विद्यार्थियों के लिए 3 कार्ड निर्गत किए जाते हैं। पुस्तकालय का अध्ययन-कक्ष विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क इन्टरनेट ब्राउजिंग सुविधा से युक्त कम्प्यूटरों से सुसज्जित है।

बैंक

महाविद्यालय परिसर में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की एक शाखा है जो कर्मचारियों और विद्यार्थियों की सभी बैंकिग आवश्यकताओं की पूर्ति करती है।

कैंटीन

महाविद्यालय में उचित दर पर उत्तम अल्पाहार एवं खानपान उपलब्ध करनेवाली एक बड़ी एवं वातानुकूलित कैंटीन है।

आंतरिक शिकायत समिति

अध्यादेश XV (D) के अनुसार: महाविद्यालय में 'सेक्सुअल हैरासमेंट की रोक और दण्ड' के लिए बनी जेंडर सेंसिटाइजेशन समिति सेक्सुअल हैरासमेंट की शिकायतों को देखेगी। वर्तमान समिति में सदस्यों के नामों के लिए समितियों की सूची देखें।

शैक्षणिक समितियाँ

सभी विभागों की अपनी शैक्षणिक समितियाँ हैं। एक विशेष विषय के सभी विद्यार्थी इसकी शैक्षणिक समिति के सदस्य होंगे और उन्हें सलाह दी जाती है कि वे इसकी गतिविधियों में भाग लें।

खेल-कूद

महाविद्यालय में खेल-कूद में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए इनडोर एवं आउटडोर दोनों प्रकार के खेलों में व्यापक अवसर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, हैंडबॉल, फुटबॉल, टेबुल टेनिस, हॉकी, एथलेटिक्स और जूडो में विशेषज्ञ परामर्श एवं अन्य सुविधाएँ उपलब्ध हैं। महाविद्यालय के विद्यार्थियों को इनमें भाग लेने हेतु लगातार उत्साहित किया जाता है।

एन. सी. सी. (नेशनल कैडेट कॉर्पस)

महाविद्यालय में एन. सी. सी. प्रशिक्षण की व्यवस्था है। एन. सी. सी. वर्ष में एक बार अपने वार्षिकोत्सव 'आरोही' का आयोजन करती है। छात्र कैडेट और छात्रा कैडेट की अलग-अलग शाखाएँ हैं जैसे कि वायु सेना, जल सेना और थल सेना। जो एन. सी. सी. में शामिल होने को इच्छुक हों, उन्हें एन. सी. सी. अधिकारी के पास आवेदन देना चाहिए।

एन. एस. एस.

एन. एस. एस. महाविद्यालय में जुलाई 1970 में आरंभ हुआ। जिन्हें एन. एस. एस. में शामिल होना है, उन्हें महाविद्यालय कार्यालय में उपलब्ध निर्धारित फार्म में अगस्त महीने में आवेदन देना चाहिए। महाविद्यालय की एन. एस. एस. शाखा विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना जाग्रत करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करती है।

गाँधी अध्ययन सर्किल

महाविद्यालय में गाँधी भवन दिल्ली विश्वविद्यालय से संलग्न एक गाँधी अध्ययन सर्कल है। इसका ध्येय गाँधी के विचार और दर्शन को युवा विद्यार्थियों में प्रचलित करना है। जो विद्यार्थी गाँधी अध्ययन सर्किल में सम्मिलित होना चाहते हैं, वे प्रभारी, गाँधी अध्ययन सर्किल से संपर्क कर सकते हैं।

महाविद्यालय की पत्रिका

महाविद्यालय 'स्तवक' नाम की एक वार्षिक पत्रिका प्रकाशित करती है। इसमें विद्यार्थियों और महाविद्यालय के कर्मियों के लेख, कविताएँ, कहानियों और गतिविधियाँ हिन्दी व अंग्रेजी सेक्शन में छपती हैं।

पहचान पत्र

महाविद्यालय में विद्यार्थियों का प्रवेश केवल पहचान पत्र दिखाने पर ही होगा। विद्यार्थियों को मिला पहचान पत्र महाविद्यालय से नाम वापस लेने के समय वापस करना होगा, ऐसा नहीं करने पर ₹ 120/- तक का दंड देना पड़ेगा। डुप्लिकेट पहचान पत्र तभी मिलेगा जब विद्यार्थी ने गुम हुए पहचान पत्र के लिए पुलिस स्टेशन में एफ. आई. आर. दायर कर दिया हो और दंड भुगतान कर दिया हो।

वित्तीय उपादान और सहायता

महाविद्यालय सारणी

महाविद्यालय सप्ताह में छह दिन खुला रहता है। कक्षाएँ 2.30 दोपहर में आरंभ होती हैं और एक पीरियड 60 मिनटों का होता है।

(क) फीस में छूट

सुपात्र व सुयोग्य विद्यार्थियों को फीस में छूट के रूप में वित्तीय सहायता दी जाती है। जिन विद्यार्थियों को फीस में छूट चाहिए उन्हें महाविद्यालय कार्यालय में उपलब्ध निर्धारित फार्म में अधिसूचित तिथि तक आवेदन देना चाहिए। फीस छूट पर विचार विद्यार्थी के अच्छे चरित्र और परीक्षा में अच्छे परिणामों पर निर्भर करता है। संतोषजनक प्रदर्शन करने में असफलता पर, चाहे वह शैक्षणिक परिणाम हो या अनुशासन, छूट को वापस लिया जा सकता है।

(ख) विद्यार्थी उपादान कोष

महाविद्यालय ने विद्यार्थियों की सुविधा के लिए एक विद्यार्थी उपादान कोष की स्थापना की है। इस कोष का ध्येय योग्य विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है ताकि वे अपना शिक्षण या परीक्षा शुल्क दे सके अथवा पुस्तक खरीद सकें।

(ग) अनु. ज./अनु. जन./ओ. बी. सी. छात्रवृत्ति

भारत सरकार द्वारा मान्य अनुसूचित जाति/जनजाति/ओ. बी. सी. इत्यादि के विद्यार्थियों को राज्य सरकारों से छात्रवृत्ति की अनुमति है। ऐसे विद्यार्थियों को निर्धारित फार्म में अधिसूचित समय सीमा के भीतर महाविद्यालय के माध्यम से अपने राज्यों के संबंधित प्राधिकारों के यहाँ आवेदन देना होगा। अहर्त विद्यार्थियों को फरवरी माह तक आवेदन देना होगा।

(घ) रेल में छूट

छुट्टियों में अपने गृह माता-पिता के पास महाविद्यालय से जाने व वापस आने के लिए रेल से छूट ले सकते हैं। इस कार्य के लिए नामांकन प्रपत्र में दर्ज़ स्थायी पता ही अंतिम होगा। यह स्पष्ट समझ लेना चाहिए कि रेल की यह छूट संबंधियों से मिलने अथवा घूमने जाने के प्रयोजन पर लागू नहीं होगा। पते में किसी भी बदलाव की सूचना पता बदलते ही माता-पिता को सीधे महाविद्यालय को देना चाहिए। पता बदलने के आवेदन के साथ दस्तावेज़ साक्ष्य के रूप में संलग्न होना चाहिए।

छात्रवृत्ति और पुरस्कार

शैक्षणिक पुरस्कार

वार्षिकोत्सव के समय विद्यार्थियों को उनके वार्षिक परीक्षा परिणामों के आधार पर शैक्षणिक पुरस्कार दिए जाते हैं। इसके अतिरिक्त, निम्नांकित नगद स्मृति पुरस्कार भी दिए जाते हैं-

(i) श्री सुन्दरलाल रोहतगी एवं श्रीमती रूपवती रोहतगी स्मृति पुरस्कार

250/- रुपयों के तीन पुरस्कार बी॰ कॉम (प्रतिष्ठा), बी॰ कॉम एवं बी॰ ए॰ पाठ्यक्रमों के अंतिम वर्ष में प्रथम आए विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष दिए जाते हैं। ये पुरस्कार स्वर्गीय बी. बी. रोहतगी द्वारा अपने माता-पिता की पुण्य स्मृति में आरंभ किए गए थे।

(ii) कुमारी कणिका गुप्ता स्मृति पुरस्कार

500 रुपये मूल्य के पुरस्कार बी. कॉम (प्रतिष्ठा) I और II वर्ष की परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को दिए जाते हैं। ये पुरस्कार वाणिज्य विभाग के डॉ. आर. एल. गुप्ता द्वारा अपनी पुत्री कुमारी कणिका गुप्ता की पुण्य स्मृति में आरंभ किए गए।

(iii) कुलपति वित्तीय सहयोग

यह वित्तीय सहयोग उन विद्यार्थियों को दिया जाता है जिनकी पारिवारिक आय, संपूर्ण स्रोतों से, 1 लाख प्रतिवर्ष से कम होती है और जिनके पास सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत ए. पी. एल और बी. पी. एल. का मान्य राशन कार्ड होता है।

(iv) श्यामलाल गुप्ता स्मृति पुरस्कार

श्यामलाल चेरिटेबुल ट्रस्ट द्वारा महाविद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय पद्मश्री श्यामलाल गुप्ता की स्मृति में 11000 रुपये का पुरस्कार आरंभ किया गया। यह पुरस्कार प्रथम/द्वितीय वर्ष के उस विद्यार्थी को दिया जाता है जिसने किसी भी पाठ्यक्रम में सर्वाधिक अंक-प्रतिशत प्राप्त किया हो।

(v) दिल्ली विश्वविद्यालय के अन्य पुरस्कार और वित्तीय सहायता:

विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर घोषित अनेक पुरस्कार/वित्तीय सहयोग/छात्रवृत्ति योजनाएँ हैं। विद्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि विस्तृत जानकारी के लिए वे नोटिस बोर्ड देखें।

(vi) खेल पुरस्कार

प्रत्येक वर्ष बेहतरीन खिलाड़ी को खेल पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं यदि वे इस उद्देश्य हेतु निर्धारित न्यूनतम स्तर को प्राप्त करते हैं।

अनुशासनात्मक अधिकार-क्षेत्र और आचार-नियमावली

महाविद्यालय का प्रत्येक विद्यार्थी, प्राचार्य और विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के ऐसे अन्य पदाधिकारियों जिन्हें अधिनियमों विधियों, अध्यादेश XV-B और नियमों के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का अधिकार प्राप्त हो, के अनुशासनात्मक अधिकार-क्षेत्र के अंतर्गत होगा।

रैंगिंग पर प्रतिबंध और रैंगिंग के लिए दंड

दिल्ली विश्वविद्यालय के अध्यादेश XV-C के अनुसार किसी भी रूप में रैंगिग पर सख्त प्रतिबंध है। महाविद्यालय उच्च स्तर की शालीनता एवं शांति स्थापित करना चाहता है। यह उम्मीद की जाती है कि विद्यार्थी अनुशासन और सौहार्द्र का भाव प्रदर्शित करेंगे और ऐसा कुछ नहीं करेंगे जिससे महाविद्यालय का नाम खराब हो। शांति एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए आचरण के निम्नांकित नियम बनाए गए हैं।

1. महाविद्यालय परिसर, सभाओं, संगोष्ठियों, कार्यक्रमों, सिनेमा, प्रदर्शनों आदि में महाविद्यालय के सभी विद्यार्थी अपना पहचान पत्र अपने पास अवश्य रखें।
2. विद्यार्थी अपनी कक्षा में समय से पहुँचे और विलम्ब से आने की दशा में शिक्षक की आज्ञा के बिना कक्षा में प्रवेश न करें।
3. विद्यार्थी कक्षा के सामने जमा न हों और न ही गलियारे में ऐसी चहलकदमी करें जिससे शिक्षण में व्यवधान पैदा हो।
4. विद्यार्थी पुस्तकालय की पुस्तकों, पत्रिकाओं, समाचार-पत्रों आदि तथा महाविद्यालय के ब्लैक बोर्डों, दीवारों, डेस्कों आदि को क्षति न पहुँचाएँ।
5. महाविद्यालय परिसर में धूम्रपान, थूकना और मद्यपान पर सख्त निषेध है। मोबाइल फोन का प्रयोग करने या उनपर संगीत सुनने पर उसकी जब्ती हो सकती है और/या दण्ड देना पड़ सकता है।
6. साइकिल सहित सभी गाड़ियाँ महाविद्यालय के मुख्य द्वार के निकट स्थित पार्किंग स्थल में रखी जानी चाहिए।
7. अनुशासनात्मक नियम छात्र-संघ के पदाधिकारियों सहित सभी विद्यार्थियों पर लागू होंगे।
8. महाविद्यालय परिसर में कोई हथियार रखना या अशांति फैलाना सख्त मना है और इसकी सूचना पुलिस को दी जाएगी।
9. महाविद्यालय में महिलाओं के प्रति अभद्र व्यवहार या भाषा के प्रयोग को अनुशासनहीनता माना जाएगी और इसपर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

छात्र संघ

1. महाविद्यालय के सभी विद्यार्थी महाविद्यालय के छात्र-संघ के सदस्य हैं। यह छात्र संघ दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डी. यू. एस. यू.) से भी संबद्ध है।
2. महाविद्यालय का छात्र संघ स्टॉफ कौंसिल द्वारा स्वीकृत/संशोधित छात्र संघ संविधान, 2008 और उसमें बनाए नियमों तथा समय-समय पर विश्वविद्यालय द्वारा चुनाव-संचालन के संबंध में प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्य करता है।
3. सभी पदाधिकारी शैक्षणिक सत्र के अन्तिम कार्यदिवस तक अपने पदों पर बने रहेंगे।
4. छात्र-संघ संविधान को महाविद्यालय के बेवसाइट www.shyamlale.du.ac.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

लोक सूचना अधिकारी

श्री दीपक कुमार
एस. ओ. (प्रशासन)
श्यामलाल महाविद्यालय (सांध्य)
जी. टी. रोड, शाहदरा, दिल्ली-110032
दूरभाष: 011-22324883

अपीली पदाधिकारी

डॉ. प्रवीण कुमार
प्राचार्य
श्यामलाल महाविद्यालय (सांध्य)
जी. टी. रोड, शाहदरा, दिल्ली-110032

विद्यार्थियों द्वारा दिए गए दस्तावेजों/पत्रों की स्वअभिप्रमाणित फोटो प्रति नामांकन हेतु स्वीकार किए जाएँगे। यह स्पष्ट कर दिया जाता है कि यदि कोई भी गलत अभिप्रमाणन/रिकार्ड सामने आता है तो अगले पाँच वर्षों के लिए विद्यार्थी पर विश्वविद्यालय और इसके महाविद्यालय में कोई भी पाठ्यक्रम करने पर रोक लगा दिया जाएगा और साथ ही, उसके खिलाफ आई. पी. सी. की संबद्ध धाराओं (जैसे 470, 471, 474 आदि) के अंतर्गत आपराधिक मामला शुरू किया जाएगा।

समितियाँ (2017-18)

महाविद्यालय में शैक्षणिक पाठ्यचर्या और सामान्य अनुशासन सहित पाठयेतर गतिविधियाँ स्टॉफ कौंसिल और इसकी समितियों की देखरेख में संपन्न होगी। विद्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी जरूरतों और शिकायत की सुनवाई के लिए संबंद्ध सदस्य/प्रभारी से संपर्क करें। **समितियाँ निम्नांकित हैं-**

1. प्रवेश समिति (केंद्रीय प्रवेश समिति)

(i) डॉ. एस.पी. शर्मा, (संयोजक)
(ii) डॉ. हरीश खन्ना
(iii) डॉ. प्रमोद कुमार
(iv) डॉ. मनु उमेश

शिक्षक प्रभारी

(i) श्री कमलेश अत्री (वाणिज्य)
(ii) सुश्री भारती कुमार (कंप्यूटर विज्ञान)
(iii) डॉ. अमरेंद्र कुमार सिंह (अर्थशास्त्र)
(iv) डॉ. रीनू गुप्ता (हिंदी)
(v) डॉ. प्रमोद कुमार (इतिहास)
(vi) डॉ. वी.के. त्यागी (गणित)
(vii) श्री कुमार प्रशांत (राजनीति शास्त्र)

2. बी.ए. (प्रोग्राम) प्रवेश समिति

(i) डॉ. प्रमोद कुमार (संयोजक)
(ii) डॉ. सुनीता सक्सेना (सह-संयोजक)
(iii) सुश्री भारती कुमार
(iv) डॉ. कुसुम देवी
(v) डॉ. रेणु गुप्ता
(vi) डॉ. सुनीता खुराना
(vii) डॉ. अमित सिंह
(viii) डॉ. देव नारायण सिंह

3. बी.कॉम (प्रोग्राम) समिति

(i) लेफ्टिनेंट अनिल कुमार वर्मा (संयोजक)
(ii) डॉ. आदित्य पी. त्रिपाठी
(iii) डॉ. मनु उमेश

4. एस.सी./एस.टी./पी.एच./ओ.बी.सी. जाँच-पड़ताल समिति

(i) श्री राजेंद्र कुमार (संयोजक)
(ii) श्री लेफ्टिनेंट अनिल कुमार वर्मा
(iii) श्री नेहखोलेन हेवोकिप
(iv) डॉ. कुसुम देवी
(v) डॉ. रामरूप मीना
(vi) डॉ. ऋतेश भारद्वाज
(vii) डॉ. संदीप कुमार यादव
(viii) डॉ. देव नारायण सिंह
(ix) डॉ. संध्या वर्मा
(x) डॉ. अशोक कुमार यादव

5. विवरणिका समिति

(i) डॉ. संदीप कुमार यादव (संयोजक)
(ii) डॉ. हरीश खन्ना
(iii) डॉ. प्रमोद कुमार द्विवेदी
(iv) डॉ. रामरूप मीना
(v) सुश्री गौरी सक्सेना
(vi) डॉ. कुसुम देवी

6. शैक्षणिक योजना समिति

(i) श्री कमलेश अत्री (संयोजक)
(ii) डॉ. प्रमोद कुमार
(iii) डॉ. वी.के. त्यागी
(iv) सुश्री भारती कुमार
(v) डॉ. अमरेंद्र कुमार सिंह
(vi) डॉ. प्रीति शुक्ला
(vii) डॉ. रीनू गुप्ता
(viii) श्री कुमार प्रशांत

7. विकास समिति

(i) डॉ. अमरेंद्र कुमार सिंह (संयोजक)
(ii) श्री कमलेश अत्री
(iii) श्री अजय गुप्ता
(iv) डॉ. प्रमोद कुमार द्विवेदी
(v) डॉ. अमित सिंह
(vi) डॉ. रीनू गुप्ता
(vii) डॉ. संदीप कुमार यादव

8. क्रय समिति

(i) श्री कुमार प्रशांत (संयोजक)
(ii) डॉ. रमेश कुमार
(iii) डॉ. अर्चना उपाध्याय
(iv) डॉ. आदित्य पी. त्रिपाठी
(v) श्री सुरेंद्र कुमार शर्मा
(vi) श्री कमलेश अत्री
(viii) श्री राजेंद्र कुमार
(ix) श्री अशोक कुमार यादव
(x) डॉ. संदीप कुमार यादव

9. वित्तीय सहायता समिति

(i) डॉ. ऋतेश भारद्वाज (संयोजक)
(ii) डॉ. आदित्य पी. त्रिपाठी
(iii) लेफ्टिनेंट अनिल कुमार वर्मा
(iv) श्री कमलेश अत्री
(v) श्री कुमार प्रशांत

10. आंतरिक मूल्यांकन एवं परिक्षा समिति

(i) डॉ. प्रमोद कुमार (संयोजक)
(ii) डॉ. प्रमोद कुमार
(iii) डॉ. वी.के. त्यागी
(iv) श्री कमलेश अत्री
(v) सुश्री भारती कुमार
(vi) डॉ. अमरेंद्र कुमार सिंह
(vii) डॉ. प्रीति शुक्ला
(viii) डॉ. रीनू गुप्ता
(ix) श्री कुमार प्रशांत

11. कला, नाटक एवं संस्कृति समिति

(i) श्री अश्विनी जस्सल (संयोजक)
(ii) डॉ. डी.एन. सिंह
(iii) सुश्री इला भूषण
(iv) श्री कमलेश अत्री
(v) डॉ. संध्या वर्मा
(vi) डॉ. आदित्य पी. त्रिपाठी

12. पी.एफ. निवेश समिति

(i) श्री जे.के. बरेजा (संयोजक)
(ii) डॉ. वी.के. त्यागी
(iii) डॉ. अनिल कुमार राय

13. उद्यान समिति

(i) डॉ. कुसुम देवी (संयोजक)
(ii) डॉ. संदीप कुमार यादव
(iii) डॉ. संध्या वर्मा
(iv) डॉ. सरिता
(v) डॉ. दीपिका वर्मा
(vi) डॉ. सुरेंद्र कुमार शर्मा

14.पत्रिका समिति

(i) डॉ. प्रीति शुक्ला (अंग्रेजी)
(ii) डॉ. सुनीता खुराना (हिंदी)
(iii) डॉ. सुनीता सक्सेना (हिंदी)
(iv) डॉ. दीपिका वर्मा (हिंदी)

15. पुस्तकालय समिति

(i) डॉ. प्रमोद कुमार (संयोजक)
(ii) श्री कमलेश अत्री
(iii) सुश्री भारती कुमार
(iv) डॉ. अमरेंद्र कुमार सिंह
(v) डॉ. प्रीति शुक्ला
(vi) डॉ. रीनू गुप्ता
(vii) डॉ. वी.के. त्यागी
(viii) श्री कुमार प्रशांत

16. खेलकूद, कॉमन रूप और योग समिति

(i) डॉ. एस.के. तनेजा (संयोजक)
(ii) डॉ. ऋतेश भारद्वाज (नॉमिनी स्टाफ काउंसिल)
(iii) डॉ. अश्विनी जस्सल

17. कंप्यूटर सॉफ्टवेयर एवं वेबसाइट समिति

(i) सुश्री भारती कुमार (संयोजक)
(ii) श्री कमलेश अत्री
(iii) सुश्री भारती कुमार

(iv) डॉ. आदित्य पी. त्रिपाठी
(v) डॉ. प्रमोद कुमार द्विवेदी
(vi) डॉ. कमलेश अत्री
(vii) डॉ. अर्चना उपाध्याय
(viii) सुश्री गौरी सक्सेना

18. न्यू पेंशन योजना समिति

(i) डॉ. आदित्य पी. त्रिपाठी (संयोजक)
(ii) डॉ. प्रमोद कुमार
(iii) श्री अश्विनी जस्सल
(iv) सुश्री इला भूषण
(v) डॉ. स्तुति अत्री
(vi) श्री कमलेश अत्री

19. एन.एस.एस. समिति

(i) डॉ. संदीप कुमार यादव (संयोजक)
(ii) श्री कुमार प्रशांत
(iii) श्री कमलेश अत्री
(iv) डॉ. सुनीता सक्सेना
(v) डॉ. कुसुम देवी
(vi) डॉ. प्रमोद कुमार द्विवेदी
(vii) डॉ. रामरूप मीना

20. गांधी अध्ययन केंद्र समिति

(i) डॉ. अमित सिंह (संयोजक)
(ii) डॉ. वी.के. त्यागी
(iii) डॉ. रमेश कुमार
(iv) श्री कुमार प्रशांत
(v) डॉ. भारती
(vi) डॉ. रामरूप मीना
(vii) श्री कमलेश अत्री
(viii) डॉ. सुनीता खुराना

21. इको-क्लब समिति

(i) डॉ. सुनीता सक्सेना (संयोजक)
(ii) श्री जे.के. बरेजा
(iii) डॉ. दीपिका वर्मा
(iv) सुश्री इला भूषण
(v) डॉ. सुनीता खुराना

22. समान अवसर प्रकोष्ठ समिति

(i) श्री अश्विनी जस्सल (संयोजक)
(ii) श्री पवन कुमार भूरा
(iii) डॉ. सुमित्रा
(iv) डॉ. आदित्य पी. त्रिपाठी
(v) सुश्री अनीता (कार्यालय)

23. डब्ल्यू.यू.एस. और स्वास्थ्य जागरूकता समिति

(i) डॉ. रेणु गुप्ता (संयोजक)
(ii) डॉ. सुरभि बधवार
(iii) डॉ. स्तुति गुप्ता
(iv) डॉ. भारती
(v) डॉ. रामरूप मीना

24. समय-सारिणी समिति

(i) डॉ. एस.पी. शर्मा (संयोजक)
(ii) डॉ. वी.के. त्यागी
(iii) डॉ. प्रमोद कुमार
(iv) श्री कुमार प्रशांत
(v) डॉ. प्रीति शुक्ला
(vi) सुश्री भारती कुमार
(vii) डॉ. अमरेंद्र कुमार सिंह
(viii) श्री कमलेश अत्री
(ix) डॉ. रीनू गुप्ता

25. नवोन्मेष-नैक समिति

(i) डॉ. वी.के. त्यागी (संयोजक)
(ii) डॉ. प्रमोद कुमार
(iii) श्री कुमार प्रशांत
(iv) डॉ. प्रीति शुक्ला
(v) डॉ. देवनारायण सिंह
(vi) सुश्री भारती कुमार
(vii) डॉ. अमरेंद्र कुमार सिंह
(viii) डॉ. प्रमोद कुमार द्विवेदी
(ix) डॉ. रीनू गुप्ता
(x) डॉ. मनु उमेश

(xi) श्री अजय गुप्ता

(xii) कमलेश अत्री

(xiii) डॉ. संदीप कुमार यादव

26. अनुशासनिक संसाधन और एंटी रैगिंग समिति

(i) डॉ. रमेश कुमार (संयोजक)

(ii) श्री कुमार प्रशांत

(iii) डॉ. देव नारायण सिंह

(iv) डॉ. ऋतेश भारद्वाज

(v) लेफ्टिनेंट अनिल कुमार वर्मा

(vi) डॉ. अमित सिंह

(vii) डॉ. रामरूप मीना

27. विद्यार्थी सलाह समिति

(i) डॉ. आदित्य पी. त्रिपाठी (संयोजक)

(ii) डॉ. एस.पी. शर्मा

(iii) डॉ. प्रमोद कुमार

(iv) श्री अश्विनी जस्सल

(v) डॉ. स्तुति गुप्ता

28. कैंटीन समिति

(i) डॉ. डी.एन. सिंह (संयोजक)

(ii) श्री कुमार प्रशांत

(iii) डॉ. प्रमोद कुमार द्विवेदी

(iv) डॉ. संदीप कुमार यादव

29.डे केयर समिति

(i) डॉ. भारती (संयोजक)

(ii) डॉ. स्तुति गुप्ता

(iii) सुश्री इला भूषण

(iv) डॉ. संदीप कुमार यादव

(v) डॉ. ऋतेश भारद्वाज

30. कौशल विकास समिति

(i) डॉ. आर.एल. गुप्ता (संयोजक)

(ii) डॉ. आदित्य पी. त्रिपाठी

(iii) डॉ. मनु उमेश

31. फोटोग्राफी और फिल्म निर्माण समिति

(i) डॉ. मनु उमेश (संयोजक)

(ii) डॉ. अर्चना उपाध्याय

(iii) डॉ. प्रमोद कुमार द्विवेदी

(iv) डॉ. संदीप कुमार यादव

(v) डॉ. सुरेश कुमार

(vi) लेफ्टिनेंट अनिल कुमार वर्मा

(vii) डॉ. रीनू गुप्ता

(viii) डॉ. सुनीता सक्सेना

(ix) डॉ. रामरूप मीना

32. वाद-विवाद समिति

(i) डॉ. अनिल कुमार राय (संयोजक)

(ii) डॉ. प्रमोद कुमार द्विवेदी

(iii) डॉ. आदित्य पी. त्रिपाठी

(iv) डॉ. कुसुम देवी

वर्ष 2017 में विश्वविद्यालय के राजपत्रित अवकाशों की सूची

क्र.सं.	अवकाश	दिनांक	1938 शक संवत्	दिन
1.	गणतंत्र दिवस	26 जनवरी	माघ 06	बृहस्पतिवार
2.	महाशिवरात्रि	24 फरवरी	फाल्गुन 05	शुक्रवार
3.	होली	13 मार्च	फाल्गुन 22	सोमवार
4.	रामनवमी	4 अप्रैल	चैत्र 14	मंगलवार
5.	महावीर जयंती	9 अप्रैल	चैत्र 19	रविवार
6.	गुड फ्राइडे	14 अप्रैल	चैत्र 24	शुक्रवार
7.	बुद्ध पूर्णिमा	10 मई	बैसाख 20	बुधवार
8.	ईद-उल-फितर	26 जून	आषाढ़ 05	सोमवार
9.	स्वतंत्रता दिवस	15 अगस्त	सावन 24	मंगलवार
10.	ईद-उल-जुहा (बकरीद)	2 सितंबर	भादो 11	शनिवार
11.	दशहरा	30 सितंबर	आश्विन 08	शनिवार
12.	मुहर्रम	1 अक्टूबर	आश्विन 09	शनिवार
13.	महात्मा गांधी जयंती	2 अक्टूबर	आश्विन 10	सोमवार
14.	दिवाली (दीपावली)	19 अक्टूबर	आश्विन 28	बृहस्पतिवार
15.	गुरु नानक जयंती	4 नवंबर	कार्तिक 13	शनिवार
16.	मिलाद-उन-नबी या ईद-ए-मिलाद (पैगंबर मुहम्मद साहब जयंती)	2 दिसंबर	अगहन 11	शनिवार
17.	क्रिसमस डे	25 दिसंबर	पौष 04	सोमवार

शैक्षणिक वर्ष 2017-18 में स्नातक एवं स्नाकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए लागू शैक्षणिक केलेंडर

सेमेस्टर I/III/V/VII

कक्षा प्रारंभ	**20 जुलाई, 2017 (बृहस्पतिवार)**
मध्य सत्रावकाश	30 सितंबर, 2017 (शनिवार) से 06 अक्टूबर, 2017 (शुक्रवार) तक
मध्य सत्रावकाश के बाद कक्षा प्रारंभ	07 अक्टूबर, 2017 (शनिवार)
कक्षा-विसर्जन, तैयारी की छुट्टी, प्रायोगिक परीक्षाएँ आरंभ	16 नवम्बर, 2017 (बृहस्पतिवार)
सैद्धांतिक परीक्षाओं का आरंभ	30 नवम्बर, 2017 (बृहस्पतिवार)
सर्दियों की छुट्टी	17 दिसम्बर, 2017 (रविवार) से 31 दिसंबर, 2017 (रविवार) तक

सेमेस्टर II/IV/VI/VIII

कक्षा प्रारंभ	**1 जनवरी, 2018 (सोमवार)**
मध्य सत्रावकाश	02 मार्च, 2018 (शुक्रवार) से 07 मार्च, 2018 (बुधवार)
मध्य सत्रावकाश के बाद कक्षा प्रारंभ	08 मार्च, 2018 (बृहस्पतिवार)
कक्षा-विसर्जन, तैयारी के लिए छुट्टी और प्रायोगिक परीक्षाओं का आरंभ	27 अप्रैल, 2018 (शुक्रवार)
सैद्धांतिक परीक्षाओं का आरंभ	09 मई, 2018 (बुधवार)
गर्मियों की छुट्टियाँ	20 मई, 2018 (रविवार) से 19 जुलाई, 2018 (बृहस्पतिवार) तक